दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 325 | छतरपुर, बुधवार 26 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करें, सड़कों पर नहीं दिखे मवेशीः कलेक्टर

**-सड़क, पुल, रिपटों के ऊपर पानी आने पर बैरिकेट्स से बंद करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश, हर मोड़ एक बरगत के पेड़ अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश**

**-कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देश, आयुष्मान कार्ड बनाने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाने के निर्देश**

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टी.एल. बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिन्द नागदेवे, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ, सीईओ जनपद एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर आने और बैठने वाले पशुओं को प्रभावी ढंग से रोके जाने और गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गौशालाओं के आसपास की चिन्हित चरनोई जमीन में घास उगाई जाए और चरनोई की जमीन पर कोई भी खेती न करें। उन्होंने फोरलेन पर एनएचएआई को लगातार पेट्रोलिंग वाहन चलाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां हमेशा मवेशी बैठते हों।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर मोड़ एक बरगद के पेड़ अभियान में प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसी मोड़ को चिन्हित करें जहां बरगद का पौधा रोपा जाना है। साथ ही फ्रूट फॉरेस्ट की चिन्हित जमीन पर बड़े आकार के पौधे रोपे जाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों को इस कार्य से जोड़ने तथा स्वसहायता समूहों की महिलाओं को शामिल करने के निर्देश दिए।

***बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने, तैयार रहने के निर्देश***

कलेक्टर श्री जी.आर. ने बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश होने से ऐसी रोड, पुल, रिपटों एवं पुलियों को बैरिकेट्स से बंद करने की व्यवस्था करें जहां इनके ऊपर से पानी बहने लगता है। उन्होंने एसडीएम, पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई एवं होम गार्ड को बारिश से बचाव की सम्पूर्ण तैयारियां दुरुस्थ रखने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को अपने वाहनों में भी बचाव सामग्री की किट रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद सीईओ को बारिश से उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे रास्तों पर बोर्ड लगाकर संकेतक चिन्ह बनाने के निर्देश दिए जहां बारिश में निकलना जोखिम भरा हो सकता है।

कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश दिए। साथ ही सिंगल यूट प्लाष्टिक के विरुद्ध मुहीम चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से सिंगल यूज प्लाष्टिक को रोकने की मुहीम चलाएं।

***डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का प्रयोग अच्छा विकल्प***

कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता एवं वितरण की बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का प्रयोग अच्छा विकल्प होने की कृषकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया के मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए आवश्यक गतिविधियों को करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त मेडिसन की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फर्जी डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं की प्रथम एएनसी जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि जल भराव नहीं होने दें। कलेक्टर ने हर पात्र लोगों के कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि खुले में मीट दुकाने नहीं लगाई जाएं, इस संबंध में कार्यवाही करें और शव वाहनों की समस्या न आए।

***खराब ट्रांसफार्मर एवं केबिलों के बदलने के निर्देश***

कलेक्टर ने बिजली विभाग के एसई को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जो ट्रांसफार्मर एवं केबिल बदलने लायक है उसे तुरंत बदला जाए। उन्होंने गौरिहार क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं को हल कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी शासकीय ऑफिस एवं अन्य भवनों की सुरक्षात्मक दृष्टि से इलेक्ट्रिसिटी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जी.आर. ने आकांक्षी ब्लॉक बकस्वाहा से संबंधित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बकस्वाहा में व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के बेहतर रूप से क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

***बाल श्रम कराने वालों पर कार्यवाही के निर्देश***

कलेक्टर ने एसडीएम को केन बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित बांकी रह गए भू-अर्जन के लंबित भुगतान को जल्द कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग से संबंधित समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बाल श्रम कराने वालों पर सख्त कार्यवाही करें और लोगों को जागरूक करें। कलेक्टर ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को अगले 5 साल के विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने के निर्देश दिए।

# मटौंधाबेसन में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

**तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न, भंडारे के साथ हुआ समापन**

छतरपुर। महाराजपुर तहसील के ग्राम मटौंधाबेसन में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका समापन सोमवार को विशाल भंडारे के साथ किया गया।

यह जानकारी देते हुये आयोजन समिति के संरक्षक एवं पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू सिंह परिहार ने बताया कि गत वर्ष 21 जून से 27 जून तक भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम ग्राम मटौंधाबेसन में सम्पन्न हुआ था जिसकी पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 जून से लेकर 24 जून तक अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 22 जून को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली तथा 23 जून को विद्वान आचार्यों द्वारा क्षेत्र की खुशहाली हेतु हवन पूजन कराया गया। 24 जून को विशाल भंडारा कराया गया जिसमें गांव ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के भी श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुये जिन्होंने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। 25 जून को भगवान को जल बिहार कराया गया। इस पूरे आयोजन की



व्यवस्था गांव वालों द्वारा की गयी थी जिसमें बच्चों से लेकर बूढ़े तक शामिल हुये तथा व्यवस्थायें बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# थाना प्रांगड़ में नशा मुक्ति/साइबर क्राइम/यातायात को लेकर जागरूकता अभियान का हुया आयोजन

**नगर में व्यवस्थित यातायात हम सबकी जिम्मेदारी- बखत सिंह थाना प्रभारी अजयगढ**

**स्वप्निल गुप्ता**

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़-अजयगढ थाना के तत्वाधान में आज थाना प्रांगड़ अजयगढ में थाना प्रभारी बखत सिंह की उपस्थित में आज एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।जिसमें नशा मुक्ति/साइबर क्राइम/यातायात की सुरक्षा को लेकर विभिन्न जानकारियों को आये हुए समस्त ऑटो व ई रिक्शा चालकों को बताया गया।अपने उद्बोधन में थाना प्रभारी बखत सिंह ने कहा कि नशा से आर्थिक,सामाजिक व शारीरिक तीन हानियां होती है।आज नशा करने वाला व्यक्ति हजारों रुपये की राशि का प्रत्येक साल में गुटका व शराब का सेवन कर लेता है।जबकि अगर इसी राशि को वह अपने परिवार या बच्चो की शिक्षा में खर्च करे तो उससे उसके परिवार का विकास होता है।शिक्षा हमारी आत्मा है इसलिये इस नशे को छोड़ कर बच्चो को शिक्षा की ओर अग्रसर करे।सभी वाहन चालक अपने वाहनों को नियत स्थान पर खड़ा करे जिससे नगर के मुख्य मार्गों में आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।साइबर क्राइम आज एक महत्वपूर्ण अपराध है जो मोबाइल व कंप्यूटर के माध्यम से किया जाता है।अगर कोई बिना जानकारी के नंबर या बैंक कर्मचारी बन कर कोई हमसे जानकारी माँगता है तो उसे जानकारी न दे।अगर किसी के साथ कोई भी साइबर क्राइम घटित होता है तो 2 घंटे के अंदर इसकी जानकारी 1930 टोल फ्री नंबर में दे जिससे उस नंबर में तुरंत ही होल्ड लगाया जा सके।नशे की हालत में वाहन को न चलाये।आजकल देखा गया है कि ज्यादातर लोग दोपहिया य चार पहिया वाहनों को चलाते समय फ़ोन के प्रयोग करते है जो खतरनाक हो सकता है और फ़ोन प्रयोग करते समय कभी भी हादसा घटित हो सकता है इसलिये वाहन चलाते समय फ़ोन का प्रयोग न करे।जल्द ही थाना अजयगढ की ओर से एक नेत्र शिविर का भी आयोजन कराया जाएगा जिसमे नगर के बृद्ध लोगो को भी लाभ मिल सके।आज के कार्यक्रम में थाना प्रभारी बखत सिंह,सहायक उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र राठौर, प्रधान आरक्षक राजकुमार,जयेंद्र पाल,दया शंकर, आरक्षक नरेंद्र,भूरी सिंह,दुलीचंद्र उपस्थित रहे।




# निजी एंबुलेंस चालकों के विवाद में कांग्रेस की इंट्री

## एंबुलेंस मालिक को झूठा फसाने का लगाया आरोप

छतरपुर। थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत बीते रोज निजी एंबुलेंस चालकों के बीच हुए विवाद में एक एंबुलेंस चालक ने दूसरे एंबुलेंस चालक सहित उसके मालिक पर भी मामला दर्ज कराया है। मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए एंबुलेंस मालिक को मामले में झूठा फंसाए जाने की बात कहकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

एसपी को आवेदन देते हुए कांग्रेसी नेता दिलीप क्षत्रिय ने बताया कि नईम खान उर्फ मोनू डाकखाना चौराहा छतरपुर का मूल निवासी है जहां वह परिवार सहित रहता है नईम के पास निजी एंबुलेंस है जिससे ड्राईवर राशिद खान मरीजों को लाने-ले जाने का काम करता है। दिनांक 22 जून 24 को रात 11 बजे नईम खान की एंबुलेंस के चालक राशिद का किसी बात को लेकर दूसरी एम्बुलेंस के ड्राईवर केशव पटेल से विवाद हो गया था जिसकी रिपोर्ट केशव पटेल द्वारा थाना कोतवाली में की गई है। उक्त घटना के समय नईम खान उर्फ मोनू मौका स्थल पर नही था फिर भी उसका नाम केशव पटेल द्वारा झूठा लेख कराया गया है। पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच करने और निर्दोष नईम खान का नाम रिपोर्ट से पृथक करने की मांग की गई है।

# माता-पिता की याद में अक्षय कुमार की अनोखी पहल, BMC के साथ मिलकर लगाए 200 पेड़






परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मुंबई में अपने दिवंगत माता-पिता हरिओम भाटिया और अरुणा भाटिया की याद में वृक्षारोपण अभियान चलाया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अक्षय कुमार ने अपने एक बयान में कहा, 'हमें धरती मां से जो मिला है, उसके लिए पेड़ लगाना हमारी तरफ से बहुत छोटा सा रिटर्न गिफ्ट जैसा है. माता-पिता के सम्मान में ऐसा करना मेरे लिए इसे और भी खास बनाता है.' एक्टर ने इस बात पर जोर दिया कि वृक्षारोपण अभियान उनके प्यार और देखभाल के लिए एक श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा, 'यह उनके प्यार और देखभाल के लिए एक श्रद्धांजलि है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को पोषित करने और संरक्षित करने का वादा है।'

अक्षय ने खेरवाड़ी में वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। एक्टर ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) कमिश्नर भूषण गगरानी के साथ 200 बहावा के पेड़ लगाए। एक बयान के अनुसार, बीएमसी, बृहन्मुंबई म्युनिसिपल ट्री अथॉरिटी और मेक अर्थ ग्रीन अगेन (एमईजीए) फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई यह पहल चक्रवात ताऊते से प्रभावित मुंबई के बहुमूल्य हरित क्षेत्र को बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वृक्षारोपण के इस अभियान को अनिल कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, अभिषेक बच्चन, अनुपम खेर, बप्?पी लहरी, अजय देवगन, सोनू निगम, संग्राम सिंह, रणवीर शौरी, रोहित शेट्टी, हेमा मालिनी, सोनाक्षी सिन्हा और आयशा जुल्का जैसे प्रमुख आइकन से समर्थन मिला है। अक्षय जल्द ही 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह वीर म्हात्रे का किरदार निभा रहे हैं, जिसका मकसद कम आय वाले लोगों के लिए किफायती एयरलाइन बनाना है। फिल्म एयरलाइन सिम्पलीफ्लाई डेक्कन के फाउंडर कैप्टन जी.आर. गोपीनाथ के जीवन से प्रेरित हैं।

अक्षय के अलावा फिल्म में परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास अहम रोल में हैं. केप ऑफ गुड फिल्म्स की अरुणा भाटिया, सूर्या और ज्योतिका (2डी एंटरटेनमेंट) और विक्रम मल्होत्रा (अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट) द्वारा निर्मित 'सरफिरा' 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आने वाली है.

# इंडियन आर्मी में युवक का हुआ चयन ढोल नगाड़े के साथ हुआ स्वागत





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो / नगर परिषद खजुराहो के वार्ड क्रमांक चार विश्वकर्मा कालोनी निवासी शंकर रैकवार उर्फ छन्नू रैकवार के पुत्र राहुल रैकवार का इंडियन आर्मी मे सलेक्शन होते ही उनके परिवार जनो सहित बृजेश प्रताप सिंह ( बडे दाऊ), राहुल रैकवार, राजेश रैकवार, संजू रैकवार, गनेश रैकवार रहवासियों ने बधाई दी । राहुल रैकवार छः माह की ट्रेनिंग के बाद अपने घर विशवकर्मा कालोनी पहुंचे जहां उनके परिवारजनो ने बधाई दी।

मीडिया के माध्यम से राहुल रैकवार का कहना है कि मेरी सफलता मे नाना - नानी और मेरे माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मै प्रतिदिन सुबह चार बजे उठकर 5 कि. मी. दौडकर मेहनत की अपने लगन और परिश्रम के बदौलत तीन बार इंडियन आर्मी मे सलेक्शन ना होने के बाद भी हताश नही हुए और अपनी मेहनत लगन परिश्रम से चौथी बार मे इंडियन आर्मी मे सलेक्ट हुए। उनकी ट्रेनिंग शिमला हिमाचल प्रदेश 14 गोरखा सेंटर सबाटू मे छः माह की हुई है। और उनकी पोस्टिंग जम्बू कश्मीर श्रीनगर मे हुई है।

# प्रदीप मिश्रा ने के बाद अब कुमार स्वामी ने श्रीकृष्ण व हिन्दु धर्म पर की विवादास्पद टिप्पणी

## हिमांगी सखी ने कराया विरोध दर्ज, कहा पहले अपने चरित्र को देखें

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा ब्रज की आराध्या राधा रानी को लेकर कथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर उठा विवाद अभी शांत नहीं हुआ है। इसी बीच अब ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी द्वारा भगवान कृष्ण को लेकर दिए बयान पर नया बवंडर खड़ा होता दिखाई दे रहा है। धर्म प्रचारक कुमार स्वामी के योगीराज श्री कृष्ण के चरित्र और हिंदू धर्म पर बेतुके बोल से धर्मालंबियो में भारी रोष व्याप्त है।

बीते दिनों शिव पुराण प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा द्वारा ब्रज की आराध्या राधा रानी को लेकर दिए गए वक्तव्य को लेकर आध्यात्म जगत में भूचाल आया हुआ है। आए दिन विद्वानों द्वारा अपने-अपने ढंग से इस विषय पर अपनी राय रखी जा रही है। खासतौर पर ब्रज तीर्थ में इसे लेकर खासी नाराजगी देखी जा रही है। अभी यह विवाद थम भी नहीं पाया था। उससे पहले ही ब्रह्मऋषि कुमार



स्वामी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के चरित्र को लेकर दिए गए वक्तव्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कथा मंच से किया गया है। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में हिंदू धर्म पर भी बेतुकी टिप्पणी की गई है। इसी बीच इस वीडियो को लेकर भागवत कथा प्रवक्ता हिमांगी सखी ने अपनी नाराजगी जताते हुए ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी पर करारा हमला बोला है। उनका कहना है भगवान श्री कृष्ण पर अनर्गल टिप्पणी करने से पहले कुमार स्वामी खुद अपने चरित्र का आंकलन कर ले। खुद जिसका चरित्र शक के दायरे में हो वह दूसरों पर बातें नहीं करे। उन्होंने बताया कि वह खुद कुमारस्वामी के गलत चरित्र की साक्षी है। उनका कहना है कि अगर कुमार स्वामी अपने इस अपराध के लिए क्षमा नहीं मांगते हैं तो वह इसका पुरजोर विरोध करेंगी। साथ ही उन्होंने अन्य धर्माचार्यों से भी इस मामले का विरोध कर कुमारस्वामी के बहिष्कार की अपील की है।

# पंचायत सचिव ने पत्रकार को रिवालबार की नोक पर अगवा करके की मारपीट

## विरोध में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला सागर ने पुलिस अधीक्षक को सोपा ज्ञापन



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मध्य प्रदेश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार ,मारपीट, जान से मारने की धमकी देना, जानलेवा हमला करने जैसे आपराधिक कृत्य बढ़ते जा रहे हैं , इसी बीच जिला सागर के तहसील गढ़ाकोटा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमे एक पत्रकार नितिन साहु द्वारा ग्राम पंचायत कदला में हो रहे भ्रष्टाचार और सरकारी राशि का गलत उपयोग करने वाले सचिव राकेश शुक्ला के घोटाला करने आदि के विषय में समाचार चलाया गया था तो दिनांक 18/6/2024 को कदला सचिव राकेश शुक्ला ने अपने साथियों छतर सिंग,सौरभ शुक्ला एवम दो अन्य साथियों के साथ ग्राम उदयपुरा से नितिन साहु को फोर व्हीलर से जबरन अगवा किया गया और पथरिया तरफ ले जाते समय रिवालबर अड़ाकर मारपीट की गई । और जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके विरोध में पत्रकार नितिन साहु द्वारा पोलिस थाना गढ़ाकोटा में शिकायत दर्ज करवाई। पत्रकार साथियों द्वारा जिला सागर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। एडिशनल एस पी डॉक्टर संजीव कुमार ने इस घटना की सात दिन में जांच करवाने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर जिला सागर के मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार साथी उपस्थित रहें ।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार


परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दिनाँक 20.06.2024 को लडाई झगडे की सूचना प्राप्त होने पर आहत दिलीप पटैल पिता धनीराम पटैल उम्र 23 साल नि0 पिपरिया पंतनगर वार्ड सागर ने रिपोर्ट किया था कि दिनांक 20.06.2024 की रात करीब 10.50 बजे की बात है मै एंव मेरा दोस्त अक्षय सेन नि0 बाघराज वार्ड का सोमनाथपुरम से अपनी अपनी दुकान बंद कर अपने अपने घर जा रहे थे मै मोटरसाईकिल चला रहा था अक्षय सेन मोटरसाईकिल के पीछे बैठा था जैसे ही हम लोग सागर सरोज होटल के पास पुल पर आये कि पुल पर चार अज्ञात लडके खडे थे उनकी मोटरसाईकिल भी वही खडी थी उन चारो व्यक्तियों ने मोटरसाईकिल रोक ली और चारो अज्ञात व्यक्तियों ने हम लोगो को गंदी गंदी गालिया देकर बोले शराब पीने के लिए पैसे दो जो हम लोगो ने शराब के लिए पैसा देने से मना किया तो उन चार व्यक्तियो में से एक व्यक्ति ने मुझे गाल में चाटा मारा तथा दोस्त अक्षय सेन को चार अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से जान से मारने की नियत से पेट, पीठ, कंधा एवं शरीर में कई जगह चोटे पहुचाई की रिपोर्ट पर देहाती नालसी 0/2024 धारा 341,294,307,323,327,34 भादवि की लेख कर थाना पर अपराध क 750/2024 धारा 341,294,307, 323, 327,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना गिरफ्तारशुदा आरोपीगण के मेमोरेण्डम के आधार पर फरार आरोपी तनु उर्फ यशवंत प्रकाश यादव उम्र 22 साल नि0 केशवगंज वार्ड सागर को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त संपत्ति लोहे के चाकू पेश करने पर जप्ती की जाकर आरोपी गण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारियों के नाम-01. निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर 02. उनि नंदराम सिंह ठाकुर 03. प्रआर जयसिंह राजपूत 04. प्रआर जानकी रमण मिश्रा 05. प्रआर अमर तिवारी 06. प्रधान आरक्षक सौरभ रैकवार 07. आर पवन कुमार 08. आर सत्येन्द्र सिंह 09.आर मंजीत सिंह 10.आर राहुल कुमार 11. आर लखन प्रजापति 12. मआर सोनम यादव।




# भाग्योदय में नया तीर्थ बन रहा है, सभी दान दें मुनिश्री निष्पक्ष सागर

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के आशीर्वाद से सागर वालों नया तीर्थ बनाने का आशीर्वाद मिला है सर्वतोभद्र चतुर्मुखी जिनालय जब पूर्ण हो जाएगा तो सागर के लिए एक नया तीर्थ मिलेगा और विश्व भर के श्रद्धालु इस तीर्थ के दर्शन करने के लिए आएंगे और जैन तीर्थ क्षेत्रों में भाग्योदय तीर्थ का नाम भी जुड़ जाएगा। यह बात मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ने भाग्योदय तीर्थ में प्रवचनों में कहीं।

मुनिश्री ने कहा कि भाग्योदय तीर्थ विश्व में वह पावन भूमि है जहाँ पर आचार्य श्री के सानिध्य और आशीर्वाद से 6 पंचकल्याणक गजरथ महामहोत्सव हुए है और सर्वतोभद्र जिनालय बनने के बाद यहाँ पर 7 वां पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव 7 फेरियो के साथ संपन्न होगा। मुनिश्री ने कहा आचार्य श्री ने जन जन के आरोग्य के लिए भाग्योदय अस्पताल का निर्माण कराया था। अब मन्दिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। गुरुदेव ने सागर वालों को इतिहास रचने के लिए आशीर्वाद दिया है और जन जन को इस जिनालय से जुड़ना चाहिए। यह जिनालय का नहीं इतिहास का निर्माण हो रहा है आचार्य श्री की सोच बहुत ऊंची थी। सीमेंट गिट्टी रेत का जिनालय 100 वर्षों के लिये रहता है लेकिन आचार्य श्री ने सागर वालों को हजारों वर्ष का इतिहास रचने के लिए अपने द्रव लगाने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। इससे आपके कर्मों की निर्जरा भी होने वाली है। यह जिनालय जैनत्व की गौरव गाथा गाएगा। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ भाग्योदय तीर्थ में कुछ समय तक प्रवास करेगा। 26 जून को मुनिसंघ के प्रवचन सुबह 8.30 बजे भाग्योदय तीर्थ में होंगे।







सागर। गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच, सागर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि महापौर संगीता तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने किया। विशेष अतिथि एमआईसी सदस्य रूपेश यादव रहे। अध्यक्षता श्यामलम संस्था के अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा ने की। कार्यक्रम में रमाकान्त शास्त्री, पुष्पा शास्त्री, सुशीला पांडेय, नेहा शर्मा, गणेश सेन सहित गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर के सदस्य मौजूद रहे।



**सागर / 25 जून को नरयावली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रदीप लारिया का जन्मदिन मनाया।**

# नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने किया विभिन्न वार्डो का दौरा

## अयोध्या पुरी कॉलोनी में देखी पानी निकासी की व्यवस्था, अध्यक्ष ने दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ बारिश आने के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार हुई सक्रिय अध्यक्ष ने नगर के विभिन्न वार्डों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने बीना नगर के वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्याओं का निराकरण करने के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश भी दिए।

मिली जानकारी के अनुसार नपाध्यक्ष लता सकवार ने नगर के प्रताप वार्ड में स्थित अयोध्या पुरी कॉलोनी में विभिन्न गलियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी को रोड और नाली बनाने के लिए आदेशित किया। वार्डवासियों की समस्याओं को भी सुना। इसके अलावा नए बस स्टैंड पर रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति का जायजा लिया और साफ सफाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं बस स्टैंड पर निर्माणाधीन दीनदयाल रसोई केंद्र का भी निरीक्षण किया। गांधी वार्ड में निर्माणाधीन नाली निर्माण का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को गुणवत्ता पूर्ण नाली बनाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए यह सभी कार्य बारिश के पहले होना अनिवार्य है।

# अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर दबोचा




सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में अपराधों पर काबू पाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते संतोषजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। कुछ थानों को छोड़कर अधिकांश थानों में पुलिस की कार्यशैली में सुधार देखा जाने लगा है। अपराधों का खुलासा कर आरोपियों को दबोचने में पुलिस सक्रियता बरतने लगी है। वहीं कुछ स्थानों पर पुलिस थानों की उदासीनता और सांठगांठ के चलते एसपी को टीम गठित कर दविश देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अब तक ऐसे कई बढ़े मामले सामने आए हैं, जिनका खुलासा करने में पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी को खुद ही कमान सम्हालना पड़ी है। यहां देहात थाना पुलिस ने एसपी के निर्देशन में बढ़ी कामयाबी हासिल की है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा गुम एवं अपहृत बालक, बालिकाओं को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कुड़ीला पुलिस द्वारा थाना कुड़ीला के अपराध क्रमांक 156/2024 धारा 363 भादवि की अपहृता परिवर्तित नाम अंजली को दिनांक 22 जून 2024 को दस्तयाब किया। बताया गया है कि इसके बाद दस्तयाबी के मामले में धारा 366, 368, 376 (2) (एन), 376 (3), 376 (एफ) 212, 195 भादवि, 3/4, 5/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। मामले के आरोपी राकेश लोधी पिता रतिराम लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी गुजरातन थाना कुड़ीला को दिनांक 24 जून 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जाकर न्यायालय पेश किया गया। बताया गया है कि अपहृता की दस्तायबी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी में उनि बृजेन्द्र सिंह घोषी थाना प्रभारी कुडीला, सउनि सन्तोष कुमार तिलगाम, प्रधान आरक्षक देव सिंह, आरक्षक तरुण गंधर्व, नीरज पाल, चन्द्रकान्त, जगदीश मोरी, महिला आरक्षक प्रीति पाठक, योगेन्द्र कुमार, महिला आरक्षक हेमलता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनसुनवाई के दौरान पुलिस ने पति पत्नी के बीच में हो रहे पारिवारिक विवाद को सुलझाया, हुई सुलह

परिहार गर्जना न्यूज। दिगौड़ा। स्थानीय कस्बा के निवासी सेना में पदस्थ एक व्यक्ति व उनकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिस पर पुलिस ने आज जनसुनवाई में दोनों के बीच आपसी सलाह कराई गई है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि कस्बा के निवासी सेना में पदस्थ एक व्यक्ति के उनकी पत्नी से पारिवारिक मतभेद चल रहे थे। यह मामला पुलिस थाने तक पहुंचा था, जिस पर आज जनसुनवाई के दौरान पुलिस ने दोनों पति-पत्नी के बीच में हो रहे विवाद को शांत कराया गया, दोनों में आपकी सलाह कराई गई। पुलिस थाने से दोनों पति-पत्नी अपने घर चले गए।



## प्रखर विश्वकर्मा को इसरो ने चुना अंतरिक्ष प्रशिक्षक

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने ग्राम लारौन के रहने वाले प्रखर विश्वकर्मा को अपना अंतरिक्ष प्रशिक्षक के रूप में चुना है। इसरो ने खुद प्रखर को भारतीय डाक सेवा के माध्यम से एक लेटर भेजा, जिसमें उसके नए अवसर का विवरण है। इसरो ने इस साल पूरे देश भर से कुल 20 लोगों को ये नई उपलब्धि दी है। प्रखर की इस नई उपलब्धि को आप इसरो की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी देख सकते हैं। प्रखर पूरे देश से 132 वें ऐसे व्यक्ति हैं, जिसे इसरो ने अपना अंतरिक्ष प्रशिक्षक बनाया है। प्रखर विश्वकर्मा कुछ दिन पहले ही वैमनिकी शिखर सम्मेलन में दिल्ली के एयरोसिटी में शामिल हुए, जहां दुबई की कई विमानन कंपनियों ने उनसे चर्चा की और उनको कुछ तौहफे भी दिए। प्रखर विश्वकर्मा पिछले 6 वर्षों से खगोल विज्ञान और रक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहें हैं। प्रखर रोजाना 600 से 700 बच्चों को बिना फीस के ऑनलाइन माध्यम से ट्यूशन देते हैं। प्रखर को कई बड़े संस्थान जैसे इसरो, नासा, यूरोपीयन स्पेस एजेंसी व मप्र शासन से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे वर्तमान में अपनी रिलॉन्च ऑटोमैटिक मिसाइल यानी प्रोजेक्ट राम पर कार्य कर रहे हैं।



## योजनाओं को पलीता, राशि का बंटाधार, अफसरों की मनमानी का उठ सकता है मुद्दा

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 जून को

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में ग्राम पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों और उनमें बड़े पैमाने पर होने वाली धांधली और गड़बड़ियों को लेकर एक बार फिर बहस होने के आसार बनने लगे हैं। अब तक ग्रामीण अंचलों में बनने वाली सीसी सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में सरकारी धन के बंदरबांट किए जाने के आरोप आए दिन लगते आ रहे हैं। इनमें बल्देवगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत शिकायतों की भरमार बनी हुई है। अधिकांश जनपद क्षेत्रों में पनपते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में जिला पंचायत के आला अधिकारी असफल साबित होते आ रहे हैं। अब सामान्य सभा की बैठक हंगामाई होने की उम्मीद नजर आने लगी है। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक को लेकर जहां प्रशासन तैयारियों में जुट गया है, तो वहीं विपक्ष सरकारी धन के दुरूपयोग और अधिकारियों की उदासीनता को लेकर विरोध की तैयारी में बताया गया है। सूत्रों की मानें तो यह बैठक आरोप-प्रत्यारोप के चलते चर्चाओं में रहने वाली है। बताया गया है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे ने बताया कि 27 जून 2024 को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सामान्य सभा की विगत तीन बैठकों की समीक्षा, जिला पंचायत की सभी स्थायी समितियों के क्रियान्वयन बैठकों की समीक्षा, जल गंगा संबंर्धन अभियान की समीक्षा, उद्योग विभाग, सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनआरएलएम की समीक्षा सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी। देखा जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो व्यवस्थाओं को सम्हाल पाने में अब तक नाकाम साबित होते आ रहे हैं। बड़ागांव धसान क्षेत्र में डाक्टरों की मनमानी लंबे समय से चर्चाओं में बनी हुई है। शिकायतों के बाद भी निजी मेडीकल से दवाएं देने का सिलसिला जारी बना हुआ है। इसी प्रकार अधिकांश उदासीन अधिकारियों के हाथों में प्रभार होने से जिले की व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही है। मत्स्य विभाग में सरकारी योजनाएं दम तोड़ रही है। यहां शिकायतों पर संतोष जनक कार्यवाही नहीं होने से लोगों की नाराजगी बनी हुई है। गांवों में फैलती बीमारियों एवं उन पर रोक लगाने में प्रशासन की नाकामी पर भी बैठक में चर्चा की जा सकती है। पंचायतों की मनमानी और धांधली के साथ ही राशि के दुरूपयोग पर सदस्यों में नाराजगी बनी हुई है। अब देखना है कि आगामी 27 जून को होने वाली बैठक क्या कामयाब होती है, या गहमा-गहमी के बीच टांय-टांय फिस्स होती है।

## भाजपा पार्टी ने 25 जून को आपातकाल के काला दिवस के रूप में मनाया

### इंदिरा सरकार में अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को मिली जेल-अमित नुना

टीकमगढ़। स्थानीय नवीन भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून को काला दिवस मनाया गया। आपातकाल में कारागार में डाले गए नेताओं को सम्मानित किया गया। बताया गया है कि जिले के मीसा बंदी, सरकार का विरोध कर रहे समाजसेवियों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। उन दिनों के अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की गई। बताया गया कि किस तरह संवैधानिक अधिकारों व उनके संसाधनों का सरकार द्वारा दुरुपयोग किया गया। आम जनता पर अत्याचार हुए। मुख्य रूप से भाजपा जिलाअध्यक्ष अमित नुना उपस्थित रहे। मीशा बंदियों में मुख्यत: कैलाश चंद्र जैन, सनत कुमार जैन, श्रीमती भगवती देवी, अनिल, हुकुमचंद जैन सहित अनेक लोगों के शामिल रहे। भाजपा जिलाअध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि भाजपा पार्टी द्वारा 25 जून को आपातकाल के काले दिवस के रूप में मनाया जाता है। मीशा में बंद में रहे समाजसेवियों को, जिन्होंने सरकार और इस अत्याचार के खिलाफआवाज उठाने का प्रयास किया उनका हर वर्ष की भांति सम्मान किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव की धांधली में दोषी पाते हुए आरोपी बनाया गया था। जिसको सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा, परंतु इंदिरा गांधी कोर्ट के फैसले को नामंजूर करते हुए पद पर बैठी रही और सरकारी मशीन का दुरुपयोग करते हुए तथा संवैधानिक अधिकारों को ताक पर रखते हुए 25 जून 1975 को आधी रात में आपातकाल की घोषणा कर दी। मीशा कानून का उपयोग करते हुए सरकार ने विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं तथा समाजसेवी लोगों को जेल में डाल दिया गया, बड़े पैमाने पर देश भर में गिरफ्तारियां हुई। सरकार की एजेंसियों, मशीनरी और संसाधनों का गलत उपयोग इंदिरा गांधी द्वारा स्वार्थ हित में किया गया। स्वयं सेवक संघ आरएसएस ने अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, तो उस समेत सभी राष्ट्रवादी संस्थाओं को बैन कर दिया गया और हजारों कार्यकर्ताओं को जेल में डालने का काम किया गया। अनेक प्रेस संस्थाओं के अधिकारों को छीनकर उन्हें जप्त कर लिया गया। 1947 के बाद काले अंग्रेजों ने जो लोकतंत्र का गला घोंटा, इंदिरा गांधी के शासन में जो अत्याचार किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। 21 महीने के कार्यकाल में जो लोग जेल में गए, उनका पूरा परिवार बिखर गया। मीशा बंदी रहे सनत कुमार जैन ने कहा कि समाजसेवियों को सरकार ने विशेष कानून के तहत अधिकारों का हनन करते हुए जेल में डाला और जेल में उनके साथ अत्याचार हुए। सरकार के अत्याचार के खिलाफ बोलने वालों पर कार्रवाई की गई, जो पूरे भारत में काले दिवस के रूप में जाना जाता है। कार्यालय में कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री अश्वनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, रोहित खटीक, विजय पटैरिया, प्रफुल्ल द्विवेदी, जिनेंद्र घुवारा, उस्ताद ठगन, शक्ति राय, प्रमोद खरे, शोभरन कुशवाहा, प्रजातंत्र गंगेले, नरेश तिवारी, रोहित वैसाखिया, देवेंद्र नापित, सुमित उपाध्याय, संतोष चौरसिया, श्याम यादव, शुभम व्यास, चंद्रभान प्रजापति, गौरव उपाध्याय, गिन्नी यादव, आदित्य योगी, विनय सेन, स्वप्निल तिवारी, भूषण वर्मा, नीरज, विभा श्रीवास्तव, पूनम अग्रवाल, सुशीला राजपूत, रानी सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हत्या के आरोपीगणों को आजीवन कारावास कारावास एवं जुर्माना

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारीध्सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, कि फरियादिया निमिया बाई ने दिनांक 08.12.2021 को पुलिस चैकी मोहन्द्रा में उपस्थित होकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट की कि दिनांक 06.12.2021 को सुबह करीब 04:00 बजे की बात है, मोहन्द्रा के रज्जू धोबी एवं राजकुमार पटेल उसके पति लल्लू अहिरवार को लेकर चले गए थे, तब से लल्लू घर नहीं आया है, रिश्तेदारी में पता किया लेकिन पता नहीं चल रहा है, दिनांक 09.12.2021 को चैकी प्रभारी मोहन्द्रा को मोबाईल पर सूचना प्राप्त हुई कि कराओ नाला मोहन्द्रा में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है, जो मोहन्द्रा निवासी लल्लू अहिरवार जैसी लग रही है। जिस पर से चैकी मोहन्द्रा के रोजनामचा सान्हा रिपोर्ट दर्ज कर सूचना की तस्दीक की गई। मौके पर पड़ी लाश गुम इंसान लल्लू अहिरवार की होना पाई गई, जिसकी पुष्टि लल्लू की पत्नी निमिया बाई एवं दामाद राकेश अहिरवार द्वारा की गई। मौके पर ही मृतक की पत्नी निमिया अहिरवार की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इंटीमेशन दर्ज कर दिनांक 09.12.2021 को थाना सिमरिया में असल मर्ग कायम किया गया। मर्ग जांच में साक्षीगण के कथन लेख किए गए, जिसमें पाया गया कि दिनांक 05.12.2021 को शाम के समय रज्जू उर्फ राजकुमार पटेल तथा रज्जे उर्फ राजकुमार धोबी मोटर साईकिल से लल्लू अहिरवार के घर आए थे, तीनों ने मृतक के घर पर बैठकर बातचीत की तथा शराब लाकर पी एवं मुर्गा खाया, इसके बाद वे लोग लल्लू से लड़ने लगे, रज्जू पटेल ने लल्लू को डन्डा मार दिया था, फिर रात में तीनों लल्लू के घर पर सो गए थे और दिनांक 06.12.2021 को सुबह करीब 04:00 बजे तीनों मोटर साईकिल से चले गए, इसके बाद लल्लू अहिरवार वापस घर नहीं आया। मृतक के परिजनों द्वारा रज्जू उर्फ राजकुमार पटेल तथा रज्जे उर्फ राजकुमार रजक पर लल्लू अहिरवार की हत्या करने का संदेह होना प्रकट करने एवं मृतक के परिजनों द्वारा आरोपीगण की तलाश करने पर उनका अपने घर पर न मिलना पाए जाने से आरोपीगण को मामले में दस्तयाब कर उनसे पूछतांछ की जाकर उनके द्वारा लल्लू अहिरवार की हत्या किए जाने का अपराध स्वीकार करने से आरोपीगण रज्जू उर्फ राजकुमार पटेल तथा रज्जे उर्फ राजकुमार रजक के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है।

माननीय श्रीमान प्रकाशचन्द्र आर्य विशेष न्यायाधीश एस.सी.ध्एस.टी. एक्ट पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संदीप कुमार पाण्डेय एवं श्री चन्द्रपाल प्रजापति, अपर लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण राजकुमार उर्फ रज्जू पटेल तथा राजकुमार उर्फ रज्जे रजक को धारा- 3(2)(5) एससीध्एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपए-1000 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# टाईगर रिर्जव के उडनदस्ता दल ने फर्नीचर दुकान पर मारा छापा, भारी मात्रा में लकडी बरामद

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। पन्ना टाईगर रिर्जव के उडन दस्ता दल द्वारा सूचना मिलने पर



क्षेत्र संचालक श्रीमति अंजना तिरकी के निर्देश पर बफर क्षेत्र भापतपुर कुरमियान ग्रम में के फर्नीचर दुकान मे छापा मारा तथा भारी मात्रा में सगोन की लकडी बरामद की गई जिसमे गीली लकडी 1.50 वन मीटर एंव फर्नीचर बनाने वाले उजार बरामद किये गये तथा उक्त लकडी की बजार मुल्य कीमत 1 लाख 30 हजार आंकी गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक संचालक मडला वन परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना बफर अमानगंज बफर गहरी घाट सहित अन्य स्टाफ शामिल रहा ।

# स्कुल चलें अभियान के तहत मनाया प्रवेशोत्सव

## छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों का हुआ सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। शाहनगर ।मुख्यालय शाहनगर के. सी. एम. राइज ऐक्सीलेन्स स्कुल , शासकीय .कन्या हाईस्कूल सहित प्राथमिक ध् माध्यमिकध्प्र शाला सहित शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कुल बोरी शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल बिसानी शासकीय हाईस्कूल स्कूल कचैरी शासकीय हाईस्कूल रोहनिया शासकीय हाई स्कूल बिसानी शासकीय हाईस्कुल पुरैना सहित विकासखन्ड शाहनगर के सभी विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेशोत्सव मनाया गया ।प्रवेशोत्सव की शुरूआत मां सरस्वती पुजा वंदना के साथ की गयी ।इसके बाद शालाओं मे नये प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर शाहनगर के सी एम राइज विद्यालय के कार्यक्रम मे विद्यालय शाहनगर मंडल अध्यक्ष सुलभ उरमलिया शाहनगर सरपंच मनोज जैन शाहनगर विकासखन्डअधिकारी श्री मति डॉ0 रागनी तिवारी विद्यालय प्रभारी प्राचार्य भरत लाल पान्डेव्याख्याता शिवराम तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवन करते हुये कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात विद्यालय में आये हुये छात्र छात्राओ एवं उनके अभिभावकों को मिष्ठान खिलाकर स्वागत वंदन अभिनंदन कर पुस्तक वितरण कराया गया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुलभ उरमलिया ने कहा की हमारी भाजपा सरकार मध्य प्रदेश मे 369 सी. एम. राइज विद्यालयों की शुरूआत करने जा रही है जिन विद्यालयों मे निशुल्क शिक्षा का दायित्व हमारे छात्र छात्राओ को मिलेगा प्रदेश भर मे छात्र छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य के लिये बहुत बहुत शुभकामनायें हम इनके सपनों मे नये रंग भरे ,यही हमारा प्रयास है । यहा भी कार्यक्रम - शाहनगर विकासखन्ड के शासकीय हाईस्कूल पुरैना मे बी आर सी की टीम मे बी आर सी अमित श्रीवास्तव उदयभान सिंह लिपिक संतोष ब्रजपुरिया ने पहुंचकर छात्र छात्राओ को टाफियां एवं मिष्ठान खिलाकर विद्यालय मे स्वागत किया जहां विद्यालय प्राचार्य फूल सिंह सहित समस्त स्टाप मौजूद रहा ।

# बारिश के मौसम में विषैले जीवों से रहे सावधान

पन्ना। बारिश के इन चारमाह में विषैले जीव जन्तुओं का खतरा ज्यादातर बढ़ जाता है जिन्हें कई लोगों की जान चली जाती है ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश से मृत्यु होती वैसे तो विषैले जीव जन्तुओं को शहरी रिहायशी इलाकों में घरों के अंदर पाया जाता है मगर ग्रामीण इलाकों में चल रही पुरानी परंपरा के घरों में इस्तेमाल की की वस्तुएं जैसे लकड़ी कंडा एवं पशु का घास भूषा रखा रहता है एवं घरों में कच्ची मिट्टी में कई जगह बिल चूहा एवं अन्य जीव जन्तुओं द्वारा बना लिए जाते हैं इन विभिन्न इस्थानो में बारिश के मौसम विशेल जीव रिहायशी घरों में अपना डेरा जमा लेते हैं घरों के लोग इन बिलों में हाथ डालने से बचें कड़ा लड़की को सावधान से निकाले खेतों में काम कर रहे किसान मजदूर बिल में हाथ डालने से बचें एवं घांस फूस पेड़-पौधे के आष पास सतर्कता बरतें किसान एवं श्रमिक भाई खेत जाते वक्त लांग बूट का इस्तेमाल करें घरों में लोग साफ सफाई का इस्तेमाल करें अपने बिस्तर को फटकार कर इस्तेमाल करें एवं जमीन में सोने से बचें चुहा रिहायशी घरों में डेरा न बनाएं पिंजरे से बंद कर बाहर छोड़ें क्योंकि काला सर्प ज्यादा तर चूहा को शिकार बनाता है और जिस इस्थान में चूहा रहते वहां वह डेरा बना लेता है रात्रि के समय लाइट टार्च का इस्तेमाल करें अंधेर में घरके अदंर एवं बाहर आने जाने से बचें झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें शीघ्र अच्छे अनुभवी डॉक्टर के पास शीघ्र पहुंचे सर्प दंश के अलावा बिच्छू का भी अधिक खतरा रहता है जो कभी कभार जानलेवा साबित हो जाता है बरसात में घरों में लाल चींटियां बहुत हो जाती है जो अगर काट लें तो इस्किन में जलन सूजन अन्य समास्या हो सकती है।

# रेंजर की मनमानी गरीब दुकान दार का सामान उठाकर ले गया वन अमला

## कलेक्टर को आवेदन देकर की कार्यवाही करने की मांग



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना।पन्ना टाईगर रिजर्व अंतर्गत बफर क्षेत्र झिन्ना में हनुमान जी का मंदिर है उक्त मंदिर मे प्रति दिन हजारों लोग वर्षो से र्दशन करने पहुंच ते है तथा उक्त झिन्ना धाम मंदिर के अलग अलग लगभग एक दर्जन लोग प्रसाद की दुकाने वर्षो से लगातें चले आ रहे है अभी तक किसी भी प्रकार की गरीब दुकान दारो को नही हुई बीते 24 जुन को रेंजर तथा वन अमला की टीम द्वारा गरीब दुकान दार नरेश यादव पिता रामाघर यादव की दुकान मे रेंजर की उपस्थिती में वन अमला द्वारा जबरजस्ती तोड फोड की गई तथा किराना एंव प्रसाद की दुकान का सामान उठाकर ले गये एंव तीन हजार रूपये भी ले गये पीडित नरेश यादव ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है क्योकि उक्त दुकान ही परिवार के उदर पोढढ का साधान था रेंजर द्वारा व्यक्तिगत रंजिस के कारण की गई है पीढित परिवार ने न्याय दिलाने की मागं की है।

# शाहनगर गंगा झिरिया धाम में पोधा रोपण को लेकर कार्यशाला संपन्न



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। दक्षिण वन मंडल वन परिक्षेत्र शाहनगर के गंगा झिरिया धाम बिसानी में वृक्षारोपण कार्य हेतु गत दिवस रविवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे सभी वन अमला को पोधा रोपण के सबंध मे अनेक जानकारियां दी गई तथा सुरक्षा श्रमिकों को रखरखाव के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया उक्त काार्यशाला में उपवनमंडलाधिकारी कल्दा नितिम कुमार निगम वन परिक्षेत्रधिकारी शाहनगर डां आनंद शिवहरे परिक्षेत्र सहायक राम प्रसाद सिंह बीट प्रभारी चंन्द्र प्रकाश शर्मा सहित वन अमला उपस्थित रहा है।

# ब्राहाम्हण समाज के अध्यक्ष राम गोपाल तिवारी को रेत से भरे ट्रक ने मारी टक्कर

## बुरी तरह घायल भोपाल रेफर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। ब्रामहण समाज के अध्यक्ष राम गोपाल तिवारी अपनी पत्नी



के साथ सुबह पन्ना सतना रोडपर घुमने के लिये निकले थे उसी दौरान काष्टागार डिपो के पास तेज रफतार रेत से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये जिसकी सूचना उनकी पत्नी द्वारा परिचितो को दी गई तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना लाया गया जहां पर डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद भोपाल ईलाज के लिये भेज दिया गया है।

# लोकतंत्र सेनानियो का भाजपा अध्यक्ष ने किया सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। मीसा बंदीयो तथा लोकतंत्र सेनानियो एंव उनके उत्राधिकारियों का भजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा डब्बू द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर जिन लोगो का सम्मान किया गया उनमें पूर्व विधायक उमाशंकर पाठक के पुत्र ब्रजेन्द्र पाठक



राजेन्द्र पाठक के भाई प्रमोद पाठक सहित अन्य लोकतंत्र सेनानियों परिवारजनो का सम्मान किया गया है। इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यक्रता शामिल रहे।

# जिले के उन स्थानों पर जहां पर सड़कों में पशु एकत्रित होते हैं, वहां से इन आवारा पशुओं को गौशालाओ में पहुंचाया जाए-कलेक्टर श्री कोचर

**-शत-प्रतिशत सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में हो रहे विवाहों के पंजीयन की कार्रवाई भी करा ली जाए**

**-श्रेष्ठ कार्य अंजाम देने वाले अधिकारियों की गई सराहना**

**-प्रतियोगिता परीक्षा के छात्रों के लिए एक बड़े हॉल का प्राक्लन एक सप्ताह में प्रस्तुत करें**

**-समय सीमा बैठक संपन्न, दिये गये अहम् दिशा-निर्देश**

**राजकुमार दुबे**



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 25 जून। जिले के उन स्थानों पर जहां पर सड़कों में पशु एकत्रित होते हैं, वहां से इन आवारा पशुओं को गौशालाओ में पहुंचाया जाए। स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे, प्रधानमंत्री सड़क और अन्य मार्गो के संबंधित अधिकारी समन्वय कर यह करवाही सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर निजी व्यक्तियों के पशुओं के पाए जाने पर जुर्माना की कार्रवाई पशु मालिकों पर की जाए। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम इन सभी संबंधित विभागों की बैठक लेकर यह कार्रवाई सुनिश्चित कराए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान दिए। इस अवसर पर एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रही।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा गौशालाओं हेतु चयनित भूमि का चिन्ह्यांकन कर आरक्षित की जाए। उन्होंने बैठक में सभी एसडीएम साहिबान से कहा कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, करवाई ठोस हो, केवल एफआईआर तक सीमित ना रहे। बैठक में श्री कोचर ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई हो, इसमें किसी भी तरह की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा शत-प्रतिशत सामूहिक विवाह/निकाह में हो रहे विवाहों के पंजीयन की कार्रवाई भी करा ली जाए।

इस आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनिल अठ्या से कहा कि शासकीय ग्रंथालय जो की पुरानी जिला पंचायत भवन पर है, यहां पर एक बड़े हॉल का प्राक्कलन तैयार करें, ताकि वहां पर एक बड़ा हॉल बनाया जा सके, जिसमें करीब 200 से अधिक बच्चे बैठकर अपनी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा इस सप्ताह एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत कर दिया जाए।

कलेक्टर श्री कोचर ने जिला अधिकारियों से कहा कि एसडीएम साहिबान, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी क्षेत्र के भ्रमण पर अनिवार्य रूप से सप्ताह में दो या तीन बार जाएं। इस दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों और राशन वितरण केंद्रों का भ्रमण कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर महेश अग्रवाल ने सार्थक ऐप पर बहुत अच्छा काम किया है, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग में जिन कर्मचारियों ने सार्थक ऐप अभी तक डाउनलोड नहीं किया है, ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल द्वारा जनसुनवाई का बेहतर प्रबंधन किया गया है, जनसुनवाई में नई थीम पर भी कार्य शुरू किया गया है, इसके लिए कलेक्टर श्री कोचर ने श्री पटेल को बहुत-बहुत बधाई दी।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर में सभी एसडीएम साहिबान से कहा कि अवैध माइनिंग पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एसडीएम बड़ी कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्री कोचर ने आयोजित बैठक में सभी एसडीएम साहिबान से बाढ़ राहत के संबंध में चर्चा की और अब तक उनके द्वारा क्या-क्या तैयारी की गई है के संबंध में जानकारी लेते हुए राहत शिविरों और राहत बचाव के संबंध में संबंधित विभागों से भी चर्चा की। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने अब तक की गई तैयारी के बारे में बताया। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने भी उनके कार्य योजना से अवगत कराया। बैठक में खाद बीज के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा एनपीके पर्याप्त मात्रा में समितियां तक पहुंचा दी जाए। उन्होंने कहा पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है किसी तरह की समस्या ना हो अधिकारी सुनिश्चित करें। इस संबंध में एसडीएम साहिबान और तहसीलदार साहिबान को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री कोचर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि यह अभियान 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने तेजगढ़ के संबंध में चर्चा करते हुए सीईओ जनपद पंचायत से कहा कि तेजगढ़ की बावड़ी की सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा सफाई अभियान में उन्हें अवगत कराया जाए, उन्हें सूचना मिलने पर वह भी जाकर उसमें शामिल होंगे। बैठक में वृक्षारोपण अभियान की चर्चा की गई और कहा गया की 15 जुलाई से यह अभियान बृहद स्वरूप में शुरू किया जा रहा है। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि इसकी एक बड़ी बैठक शीघ्र आयोजित की जा रही है। सभी संबंधित विभाग निर्देश अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।

इस आयोजित बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अच्छा कार्य करने के लिए शिक्षा विभाग, नगर पालिका और आयुर्वेद विभाग को बधाई दी गई, साथ ही नायाब तहसीलदार शिवराम चड़ार को मड़ियादो में सड़क और नाला निर्माण कार्य जन सहयोग से कराने पर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पाए जाने पर अब जुर्माना की कार्रवाई नहीं होगी, अब सीएम हेल्पलाइन निराकरण नहीं करने वाले जिला प्रमुख कार्यालय प्रमुख की सैलरी रोक दी जाएगी। उन्होंने कहा इस कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लूट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

## घटना में लूट की राशि के साथ अन्य सामान किया जप्त

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला निवाड़ी की थाना कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा एवं थाना टेहरका पुलिस टीम के द्वारा लूट की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की राशि के साथ-साथ अन्य सामान जप्त किया है। लूट की पहली घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया गया कि 13 मई को ग्राम अस्तारी निवासी मनोहर यादव के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक निवाड़ी से 1लाख 30 हजार रुपए निकाले गए थे और रुपए निकाल कर मनोहर यादव अपने ग्राम अस्तारी जा रहे थे तभी काली पहाड़ी के समीप मोटरसाइकिल से जाते समय दो अज्ञात व्यक्तियों ने लूट की घटना को अंजाम देते हुए थैले में रखें 1लाख 30 हजार रुपए छीन लिए थे जिसकी रिपोर्ट 14 मई को थाना कोतवाली में की गई थी। थाना कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट के बाद धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई थी तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा अज्ञात आरोपियों पर 10 हजार के इनाम की भी घोषणा की गई थी। आरोपियों की तलाश के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई जिस टीम के द्वारा आरोपी की तलाश मुखबिर तंत्र एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की सहायता से बीते रोज लूट की घटना के एक आरोपी लखन कंजर निवासी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया तथा पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना कबूल किया गया इसके साथ-साथ आरोपी द्वारा पूछताछ में सतना छतरपुर झांसी जालौन चित्रकूट के साथ-साथ महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ केरल झारखंड एवं पश्चिम बंगाल में भी लूट की वारदात करना स्वीकार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से 60 हजार रूपए नागद जप्त किए गए जबकि लूट की घटना में लूट की गई शेष राशि के साथ अन्य आरोपी फरार बताया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में कोतवाली निरीक्षक रामबाबू शर्मा उप निरीक्षक जय राम कुशवाहा प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र शर्मा आरक्षक दीपक आनंद दुर्गेश द्विवेदी नीरज यादव एवं साइबर सेल निवाड़ी से आरक्षक विशाल सोनी रविंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।



***लूट की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार***

टेहरका पुलिस टीम के द्वारा एक और लूट की घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया की 14 जून को नरेंद्र सिंह यादव निवासी मोहनपुरा द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए स्वयं के साथ जान से मारने की धमकी देकर मोटरसाइकिल एवं मोबाइल तथा पर्स में रखे 3 हजार रुपए की लूट होने की रिपोर्ट थाना टेहरका मे दर्ज कराई गई थी जिसके बाद पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों की तलाश की गई और बीते रोज ग्राम अस्तारी से लूट की घटना के आरोपी कैलाश अहिरवार एवं लेखराम अहिरवार को एक देसी 315 बोर के कट्टा 4 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं लूट की गई मोटरसाइकिल को पेश किया जिसे जप्त किया गया तथा पर्ष में रखे 3 हजार रुपए भी जप्त किए गए जबकि लूट की घटना के एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी होना अभी शेष बताई जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी टेहरका उपनिरीक्षक शाहिद खान प्रधान आरक्षक सत्येंद्र यादव शिव सिंह गुर्जर आरक्षक हर्ष यादव राहुल विश्वकर्मा मायादीन सूरज नागर विशाल सोनी एवं रविंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय के समीप स्थित थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले ग्राम मुडारा में बीते रात्रि दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें पांच लोग घायल हुए जिनका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाड़ी में करने के बाद झांसी रेफर किया गया। घटना के संबंध में प्राप्त समाचार के अनुसार लगभग चार दिन पहले दोनों पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई थी जिसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज किया गया था और इसी विवाद को लेकर बीती रात्रि एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ जिसमें गोली चलने का भी आरोप लगाया गया। फिलहाल दोनों पक्षों में हुए विवाद में भारी खूनी संघर्ष देखा गया जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए जिसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई तथा घटना स्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी रेफर किया गया। घटना के बाद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनमोहन बघेल भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने घटना में घायल हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।घटना में बताया गया कि एक पक्ष के में अंकुश यादव मानसिंह यादव चंद्रपाल यादव संतराम यादव एवं अंशुल यादव घायल हुए हैं जिनके द्वारा दूसरे पक्ष के अनिरुद्ध यादव पर गोली चलाने का भी आरोप लगाया गया जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है वहीं दूसरे पक्ष में अनिरुद्ध यादव राकेश यादव प्रदीप यादव एवं शरबती देवी सहित अन्य लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाड़ी लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को झांसी रेफर किया गया।



# विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने मृतको के परिजनों और घायलों को राशि स्वीकृत करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को दिया धन्यवाद, जताया आभार

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वेच्छानुदान मद से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रूपये की राशि की दी स्वीकृती, विधायक श्री मलैया ने किये चेक वितरित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वेच्छानुदान मद से दमोह की पटाखा फेक्ट्री की घटना में मृतको और घायलों के परिजनों के लिये 32 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने चेक वितरित किये। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा विधानसभा चुनाव के समय एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी, पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 06 लोग मृत और 08 लोग घायल हुए थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बात की गई। इसके बाद कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने शासन को पत्र भेजे और बात भी की। कल रात में ही कलेक्टर श्री कोचर का फोन आया राशि आ गई है, तो मैंने कहा बहुत विलंब हो गया अब और विलंब नहीं करेंगे, सबको बुलाकर आज ही 4-4 लाख रुपए की राशि मृतकों के परिजनों को और 1-1 लाख रुपए की राशि घायलों को, कुल मिलाकर 32 लाख रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने कहा मैं इस क्षेत्र का विधायक होने के नाते और आप सभी की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना दिखाई और सभी को राशि दी गई।

***इन मृतको के परिजनों को मिले 4-4 लाख रूपये***

रिंकी कोरी, उमा कोरी, अपूर्वा खटीक, विनीता राजपूत, रामकली कोष्ठी एवं प्रेमलता चक्रवर्ती के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई है।

***इन घायलों को मिले 1-1 लाख रूपये***

चंद्ररानी पति लक्ष्मी प्रसाद, पुष्पा पति खेमचंद्र चक्रवर्ती, मोहनी पति मुरली रैकवार, रचना पति कमल प्रसाद, विमला पति घनश्याम, आरती पति परषोत्तम, सुशीला पति सुखचंद एवं नेहा पति दुर्गादास को 1-1 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई है।

# कलेक्टर श्री प्रसाद ने समय सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण को दें प्राथमिकता

**मनोज सिंह**

परिहार गर्जना कटनी - कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सी एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण में पर्याप्त रूचि नहीं लेने वाले अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के प्रति गहन नाराजगी जाहिर की और संतुष्टि के साथ शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्वास्थ्य और ऊर्जा विभाग में बड़ी संख्या में लंबित सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटारे पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की नसीहत दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि वे मनरेगा योजनान्तर्गत 10 मुख्य कार्यों की सूची प्रदान करें।कलेक्टर ने अवैध माइनिंग और वाहनों में क्षमता से अधिक खनिज परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध आर टी ओ और माइनिंग विभाग को संयुक्त रूप से कार्यवाही के निर्देश दिये। किसानों को 277.48 करोड़ का हुआ भुगतान कलेक्टर को जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस साल अब तक एक लाख 18 हजार 35 मेट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया जा चुका है। जो पिछले साल की तुलना में 4.24 फीसदी अधिक है अर्थात पिछले साल जहां 1 लाख 13 हजार 231 मीट्रिक टन गेहूं ही उपार्जित किया गया था वहीं इस साल एक लाख 18 हजार 35 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इसके लिए किसान भाईयों को 277 करोड़ 48 लाख रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।



***समितियों की जानकारी देवें***

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली विभागीय समितियों की जानकारी और उनसे संबंधित सर्कुलर भी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि क्रियाशील समितियों की नियमित बैठक आयोजित कर कार्यों का नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण किया जा सके।

***निजी डाक्टरों ने की 86 सोनोग्राफी***

बैठक में सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि प्राइवेट और शासकीय रेडियो लॉजिस्टों द्वारा पिछले 22 दिनों में 292 मेटरनिटी और अन्य मामलों की सोनोग्राफी की गई इसमें प्राइवेट रेडियोलॉजिस्ट ने 70 सोनोग्राफी कैसे जिला चिकित्सालय में और 16 मामलों की सोनोग्राफी अपने निजी क्लीनिक में की गई जबकि 106 सोनोग्राफी स्वयं सीएमएचओ डॉक्टर राजेश कुमार आठ्या द्वारा की गई।

***जिला चिकित्सालय में 24 घंटे रहे डॉक्टर***

कलेक्टर श्री प्रसाद में तेल सर्जन को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाएं की जिला चिकित्सालय में 24 घंटे डॉक्टर की उपलब्धता रहे डॉक्टर के लिए वेटिंग रूम भी बनवाए और मौजूद डॉक्टर में ही यह सुनिश्चित करें कि प्रसुताओं सहित अन्य मरीजों के लिए 24 घंटे डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध रहे कलेक्टर ने कहा अभी डॉक्टर की ड्यूटी आप होने पर होता यह है कि दोपहर में जिला अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं होते जिससे मरीजों के उपचार का दायित्व नसों को संभालना पड़ता है इसलिए यहां 24 घंटे डॉक्टर की मौजूदगी रहनी चाहिए। कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने पोषण किट के साथ-साथ एनआईसी केंद्र की भी मदद लेने के निर्देश दिए जिले में 30 बायोगैस प्लांट बनाने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु तत्काल स्थल एवं हितग्राहियों का चयन करने कलेक्टर श्री प्रसाद ने एमपी एग्रो के प्रबंधक को निर्देशित किया।

***कन्या विवाह की तिथियां करें निर्धारित***

कलेक्टर श्री प्रसाद ने नगरीय निकाय और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने यहां के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए तिथियां का निर्धारण कर ले साथ ही लोगों को तय तिथि की जानकारी दें जिससे इसका व्यापक प्रसार प्रसार भी कराएं।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने समय सीमा बैठक में विशेष जनजाति बैगा बाहुल्य ग्राम करो पानी में बेहतर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए ग्रामीण यंत्र की सेवा के इंजीनियर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इसी प्रकार बर्थ वेटिंग रूम में उपचार रत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के इलाज और देखभाल के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद ने नर्सों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर द्रय प्रमोद चक्रवर्ती और विवेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह,जिला प्रबंधक लोक सेवा में दिनेश विश्वकर्मा, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस सौरभ नामदेव, निगमायुक्त विनोद शुक्ला सहित सभी एसडीएम और विभागीय जिला अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# समूचे बड़वारा क्षेत्र में डंके की चोट पर किया जा रहा अवैध शराब की विक्री का कार्य

## शराब के इस खेल में जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी,कार्यवाही के नाम पर छूट रहे पसीने,शराब ठेकेदार हो रहे मालामाल गरीब मजदूर हो रहे कंगाल

परिहार गर्जना कटनी - जिले के बड़वारा क्षेत्र में शराब ठेकेदार व उसके गुर्गे पूरे क्षेत्र में गांव-गांव अवैध रूप से शराब की बिक्री कर अवैध पैकारियों में शराब पहुंचा रहे हैं। अवैध शराब की बिक्री एवं ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करने में प्रशासन रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। कार्यवाही के नाम पर आखिर जिला प्रशासन के क्यों छूट रहे हैं पसीने। बड़वारा नगर मे संचालित लाइसेंसी शराब दुकान के ठेकेदार के गुर्गे खुलेआम गांव-गांव अवैध रूप से शराब पहुंचा रहे है। थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में हर ब्रांड की शराब 24 घंटे उपलब्ध रहती है। गांव में जगह-जगह खुलेआम देशी एवं अंग्रेजी शराब बिक रही है। शराब के अवैध बिक्री से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एवं युवा पीढ़ी परेशान है। इस शराब के गोरख धंधे से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है लोगों के घरों का चिराग बुझ रहा है लोगों की माली हालत खस्ताहाल हो रही है तथा ग्राम की महिलाओं को अपमानित होना पड़ रहा है। घर परिवार के लोग शराब पीकर घर आते हैं तो महिलाओं से लड़ाई झगड़ा मारपीट करते हैं जिससे महिलाओं को आर्थिक तंगी होने के साथ साथ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वयं अधिकारियों की सेटिंग और कमीशन खोरी के चलते गांव गांव मे बिक रही अवैध शराब को बंद कराने में जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों का अमला कार्यवाही के नाम पर लाचार दिखाई दे रहा है ।




***ग्राहकों को नही दिए जा रहे बिल ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी वसूली***

शासन के द्वारा शराब की अवैध विक्री पर रोक लगाने के लिए निर्देश दिए गए थे कि शराब विक्रय करने पर ग्राहक को रशीद दी जाए जिससे ग्राहक सन्तुष्ट हो सके जिससे शराब की अवैध बिक्री पर लगाम लगाई जा सके किन्तु ठेकेदार की तगड़ी सेटिंग के चलते आवकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा ढिलाई बरतने के कारण शराब के अवैध विक्रय का कार्य धड़ल्ले से फलफूल रहा है वहीं शासन को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है जो एक गम्भीर मसला है।

शराब माफियाओं का प्रशासन को खुला चैलेंज गांव-गांव पहुंच रही अवैध शराब,नगर में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान के ठेकेदार और उनके गुर्गे वाहनों में रखकर गांव-गांव खुलेआम पहुंचा रहे रंग बिरंगी लाल प्लेन की पेटियां,लेकिन जिम्मेदार रोक लगाने मे दिलचस्पी नहीं बरत रहे,सूबे के मुखिया के निर्देश पर नही किया जा रहा अमल सूबे के मुखिया मोहन यादव ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में आदेशित किया हुआ है कि किसी भी शहर या गांव में अवैध शराब की बिक्री नही की जाएगी यदि कोई व्यक्ति शराब या मादक पदार्थों के साथ अवैध विक्री के कार्यों में लिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ विधि सम्मत सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी किसी का भी परिवार बिखरने नही दिया जाएगा। विगत कुछ दिवस पूर्व महिलाओं ने बड़वारा विधायक को अवैध शराब दुकान बंद कराने सहित अन्य गांव गांव में शराब कि अवैध बिक्री के कार्यों पर रोक लगाये जाने के विषय मे ज्ञापन देकर मांग की गई थी कि अवैध शराब दुकान को बंद करवाने के साथ शराब ठेकेदार के द्वारा कराए जा रहे अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# कुठला थाना क्षेत्र से लापता हुए तीन बालक मुंबई में मिले, पुलिस ने तीनों आपात बालकों को दस्तयप कर परिजनों के सुपुर्द किया,परिजनों ने बच्चों को पाकर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया

परिहार का जन्म कटनी - घटना का संक्षिप्त विवरण पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कुठला के अपराध क्रमांक 523/2024,524/2024,525/2024 धारा 363 भा.द.वी के अपहृत बालकों को सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दस्तयाब किया। कुठला थाना क्षेत्र से विगत दिनों 3 बालक अचानक लापता हो गए थे। बालकों के अचानक लापता हो जाने के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की। कुठला पुलिस ने कटनी से लापता हुए तीनों बालकों को मुंबई से दस्तयाब कर उनके परिवार जनों को सौंप दिया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृता की दस्तयाबी में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह सहित अन्य स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

# माता-पिता का एक साथ प्यार पाने महिला थाने पहुंचे ब ो

## अधिकारियों ने कराई पति-पत्नी में सुलह

छतरपुर। बचपन से अपने माता-पिता को झगड़ते देख बड़े हुए मासूम बच्चों को दोनों का प्यार एक साथ नहीं मिल पा रहा था, जिसके चलते मासूम बच्चों ने अपने माता-पिता के झगड़े को खत्म कराने के लिए शासन की मदद लेने का मन बनाया और महिला थाना जाकर माता-पिता के बीच चल रहे झगड़े की जानकारी दी। बच्चों से मिली जानकारी के आधार पर महिला थाना के अधिकारियों ने तत्काल ही पति-पत्नी सहित परिवार के अन्य लोगों को महिला थाना बुलाकर दोनों की सुलह कराई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शहर के नौगांव रोड पर क्रिश्चियन इंग्लिश स्कूल के पीछे रहने वाले राजकुमार सैनी और उसकी पत्नी पिंकी सैनी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा है, जिसके चलते दोनों अलग-अलग रहते हैं। राजकुमार और पिंकी के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिन्हें माता-पिता का प्रेम एक साथ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में दो बच्चे पिता के साथ रह रहे हैं जबकि सबसे छोटी बच्ची मां के साथ रह रही है। मां का प्यार पाने के लिए तड़प रही बड़ी बेटी खुशी सैनी अपने छोटे भाई के साथ मंगलवार को महिला थाना पहुंची और यहां महिला थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री को पूरी बात बताई। बच्चों की पहल पर माधवी अग्निहोत्री ने राजकुमार और पिंकी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को महिला थाना बुलाया और एक साथ बैठाकर बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने मनमुटाव दूर करने की सलाह दी। थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री की समझाइश पर माता-पिता एक साथ रहने को तैयार भी हो गए, जिसके बाद मासूम बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

# साठिया घाटी में हुई लूट का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार, एक फरार




छतरपुर। तीन दिन पहले बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर-कानपुर हाईवे की साठिया घाटी पर हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बताया गया है कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूट की रकम के साथ पकड़ा गया है। पकड़े गए लुटेरों में से दो के विरुद्ध पूर्व से भी अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार लुटेरों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

बड़ामलहरा थाना प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि गत 21 जून को बलराम यादव निवासी भोजपुरा थाना बाजना जिला छतरपुर ने शिकायत करते हुए बताया था कि सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास साठिया घाटी पर अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर 12 हजार रुपए छीन लिए हैं। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर टीम गठित की गई जिसने महज 48 घंटे में मामले का खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के भौतिक निरीक्षण, क्षेत्र में मूवमेंट की जानकारी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर शाहगढ़ थाना क्षेत्र के तीन संदेहियों को हिरासत में लिया गया था, जिन्होंने पूछताछ में घटना कारित करना स्वीकार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम पप्पू यादव निवासी ग्राम रिछाई, गंगाराम यादव निवासी ग्राम रिछाई और अकरम खान निवासी शाहगढ़ बताए। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के अलावा 1000 रुपये जब्त किए गए हैं। इसी घटना का एक अन्य आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी ग्राम बटवाहा थाना शाहगढ़ अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पप्पू यादव पर वर्ष 2019 में मारपीट तथा फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव पर मारपीट व एससी-एसटी के अपराध पूर्व से दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक एलपी दाहिया, प्रधान आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक रूद्र तोमर, राजकुमार सेन, रघुनाथ तोमर और सोनू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्वयं को जिंदा साबित करने एक साल से परेशान है युवक

### लाडली बहना योजना का फार्म भरने के दौरान हुई थी त्रुटि

छतरपुर। गत वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई लाडली बहना योजना के फार्म भरे जाने के दौरान बड़ामलहरा निवासी एक युवक गलती से दस्तावेजों में मृत घोषित हो गया था। करीब एक वर्ष से संबंधित युवक स्वयं को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की चक्कर काट रहा है। मंगलवार को युवक ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर त्रुटि सुधार कराने की मांग की है।



बड़ामलहरा निवासी बृजेश विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी पत्नी का नाम उर्मिला विश्वकर्मा है और उसकी मां का नाम भी उर्मिला विश्वकर्मा है। गत वर्ष लाड़ली बहना योजना का फार्म भरे जाने के दौरान त्रुटिवश समग्र आईडी सहित कुछ अन्य दस्तावेजों में वह मृत घोषित हो गया था, तब से लेकर अभी तक वह बृजेश स्वयं को जिंदा साबित करने के प्रयास में अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। इसके साथ ही उसकी पत्नी को लाड़ली बहना योजना के स्थान पर विधवा पेंशन मिल रही है। कलेक्टर को आवेदन देकर बृजेश ने मांग की है कि दस्तावेजों में हुई त्रुटि का सुधार किया जाए।

## जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा

### मृतक की पत्नी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरावन कला में गत 17 मई को जमीनी विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट हुई थी, जिसके बाद इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया था।



मृतक की पत्नी का आरोप है कि नौगांव पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंगलवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर महिला ने न्याय की गुहार लगाई है।

सिंगरावन कला निवासी शीला श्रीवास ने बताया कि 17 मई को जमीनी विवाद के चलते उसके पति हरी पुत्र छक्की श्रीवास उम्र 45 वर्ष के साथ गांव के दिलीप यादव और उसके पुत्र टाईं यादव ने मारपीट की थी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। मारपीट के बाद हरी को इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया था जहां 1 जून को इलाज के दौरान हरी की मौत हो गई। शीला श्रीवास का आरोप है कि इस मामले में नौगांव पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि वह कई बार थाने के चक्कर लगा चुकी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर शीला श्रीवास ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराकर उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## चोरी की नियत से घर में घुसे दो युवकों द्वारा गृहस्वामी एवं उसकी पत्नी के साथ मारपीट

छतरपुर। हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परेथा के रहने वाले एक व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव के दो युवक चोरी के नियत से उसके घर में घुसे थे और इसी दौरान आरोपियों ने उसे तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। उसका यह भी आरोप है कि जब वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो पुलिस ने उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने शिकायत देने के बाद निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। परेथा निवासी रामसेवक राजपूत ने बताया कि 23 जून की दोपहर करीब 1 बजे जब उसकी पत्नी घर पर अकेली थी तभी गांव का लक्ष्मी प्रसाद राजपूत और बिक्कू राजपूत चोरी की नियत से घर में घुस गया और जब पत्नी ने उन्हें देख लिया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। रामसेवक के मुताबिक जैसे ही उसे घटना की जानकारी मिली वैसे ही वह भी घर की ओर भागा लेकिन आरोपी उसे रास्ते में मिले और जब उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट की। रामसेवक का आरोप है कि वह हरपालपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने गया था लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखने की बजाय उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बनाया है। रामसेवक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मामले की जांच कराने और आरोपियों पर मामला दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।




## कुंए में मिला शव, एसपी पहुंचे घटना स्थल



छतरपुर। सटई थाने के पड़रिया पुलिस चौकी के ग्राम अतरार के पास एक कुंए में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जैसे ही यह जानकारी एसपी अगम जैन को मिली तो वे तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गये एवं मौका मुआइना कर पुलिस अधिकारियों को आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

## तालाब खुदाई में निकली तोप को कुछ ग्रामीण ले गये घर



छतरपुर। खजुराहो के पास स्थित ग्राम खरोंही में तालाब खुदाई का काम चल रहा है जहां पर खुदाई के दौरान एक चंदेलकालीन तोप निकली है जिसे गांव के दबंग लोग अपने घर ले गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त तोप का बजन करीब 40-45 किलो होगा तथा लंबाई 4 फिट होगी यह तोप पीतल या अन्य धातु की है जो चंदेलकालीन राजाओं की हो सकती है लेकिन गांव के रूतवेदार लोग इस तोप को अपने घर ले गये और छिपाकर रख लिया है। ग्रामीणों के इस कथन में कितनी सच्चाई है यह तो पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। अगर ग्रामीण मीडिया को यह जानकारी दे सकते हैं तो उन्हें थाने में भी पुलिस को यह जानकारी देनी चाहिए ताकि तोप को जप्त किया जा सके।

## कलेक्टर को मंदिर की चाबी सौंपने पहुंचा अतिक्रमणकारियों से परेशान पुजारी

छतरपुर। बकस्वाहा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हौरी के बिहारी जू मंदिर के पुजारी कुछ अतिक्रमणकारियों से इस कदर परेशान हो गए कि वे मंगलवार उन्होंने मंदिर की चाबी कलेक्टर को सौंपने का निर्णय ले लिया और मंगलवार को जनसुनवाई उन्होंने शिकायती आवेदन के साथ कलेक्टर संदीप जी आर को मंदिर की चाबी देकर समस्या हल कराने की मांग की। पुजारी रामगोपाल तिवारी ने बताया कि मंदिर के पास रहने वाला आजाद खान, नत्थू खान, इस्लाम खान, सब्बीर खान, समीर खान, नजीब खान, वहीद खान और पुष्पेंद्र सेन लंबे समय से मंदिर के स्वामित्व की भूमि पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त लोगों को रोकने पर उक्त के द्वारा गाली-गलौज की जाती है और जान से मारने की धमकी दी जाती है। अतिक्रमणकारियों की प्रताड़ना से वह तंग आ चुका है जिसके चलते उसने मंदिर की चाबियां कलेक्टर को सौंपने का निर्णय लिया है। कलेक्टर को आवेदन देकर पुजारी ने मंदिर की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मांग की है। रामगोपाल ने यह भी बताया कि वह अतिक्रमणमारियों से वर्ष 2017 से परेशान है। पूर्व में वह कई बार जनसुनवाई, बिजावर एसडीएम और बकस्वाहा तहसीलदार को आवेदन दे चुका है जिन पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321